राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राजस्थली के नवस्वरूप का लोकार्पण किया

राजस्थानी हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन कर की सराहना

जयपुर, 12 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थली के नव स्वरूप का लोकार्पण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी और श्री प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने राजस्थली के नव स्वरूप के अंतर्गत वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प उत्पादों का भी अवलोकन किया। उन्होंने लाख की चूड़ियां, राजस्थानी वस्त्र, मिनिएचर कला कृतियां, ब्लूपोटरी उत्पादों को देखकर उनकी सराहना की। उन्होंने राजस्थान के पारंपरिक हस्तशिल्प और हुनर से जुड़े उत्पादों के अधिकाधिक विपणन और इससे जुड़े कारीगरों, हस्तशिल्पियों को व्यावहारिक रूप में लाभांवित किए जाने पर भी जोर दिया।

––––